आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 01.04.2026
समय 0720

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष का प्रभाव नागरिकों पर नहीं पड़ने दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत जिले के समग्र विकास के लिए 36 करोड़ 83 लाख रुपये की 17 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।
- मुख्यमंत्री ने 'शी फॉर स्टेम' कार्यक्रम में बालिकाओं की विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा— सरकार सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

पीएम ऑन पश्चिम एशिया संघर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद भारत में स्थिति नियंत्रण में है। श्री मोदी गुजरात में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष का प्रभाव देश के नागरिकों पर पड़ने नहीं दिया।

'शी फॉर स्टेम' कार्यक्रम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत जिले के समग्र विकास को नई दिशा देने के लिए 36 करोड़ 83 लाख रुपये की 17 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। पत्रकारों से बातचीत में श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ और विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस बीच, मुख्यमंत्री ने गोरलचौड़ सभागार में आयोजित 'शी फॉर स्टेम' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बालिकाओं की विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय विज्ञान और नवाचार का है और राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश की प्रत्येक बेटी विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़े।

श्री धामी ने कहा राज्य सरकार सीमांत क्षेत्रों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देने तथा महिलाओं को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

गैस आपूर्ति

हरिद्वार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। इस संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने गैस एजेंसियों और संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

उन्होंने गैस बुकिंग कराने वाले सभी उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध होम डिलीवरी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि किसी उपभोक्ता को डिलीवरी का संदेश प्राप्त होने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिलता है, तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही श्री दीक्षित ने आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

कथा वाचक

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि राज्य सरकार सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने देहरादून में प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर से मुलाकात के दौरान यह बात कही।

श्री जोशी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में धार्मिक आयोजनों और प्रवचनों का विशेष महत्व है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

इस दौरान दोनों के बीच धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। देवकीनंदन ठाकुर ने प्रदेश में सनातन संस्कृति के प्रचार और आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने के लिए भी अपने विचार साझा किए।

गोष्ठी

राजधानी देहरादून में पब, बार और रेस्टोरेंट निर्धारित समयावधि के बाद खुले पाए जाने पर सीधे मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने आज पुलिस कार्यालय में सभी पब, बार और रेस्टोरेंट संचालकों के साथ बैठक कर यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर न केवल अभियोग दर्ज होगा, बल्कि संबंधित प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी।

श्री डोभाल ने सभी संचालकों को अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों का शत–प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने और उनका पूरा विवरण पुलिस को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, किसी भी विवाद की सूचना तुरंत पुलिस को देने और सीसीटीवी कैमरों का एक्सेस उपलब्ध कराने को भी अनिवार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि देर रात तक संचालन और नशे की स्थिति में वाहन चलाने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है। इसलिए सभी संचालकों से नियमों का सख्ती से पालन करने और कानून–व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई है।

स्कोज अवार्ड

प्रदेश के रेशम विभाग को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित स्कोच अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने रेशम कीट बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए मिले इस सम्मान को उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय बताया है।

देहरादून में रेशम विभाग के निदेशक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों ने यह पुरस्कार कृषि मंत्री को समर्पित किया। अधिकारियों ने कहा कि कीट बीज उत्पादन से जुड़े लगभग 100 किसानों को इससे आर्थिक लाभ मिल रहा है।

खेल सप्ताह

चमोली जिले के गोपेश्वर स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज में आयोजित खेल सप्ताह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हो गया। समारोह को संबोधित करते हुए बद्रीनाथ विधायक लखपत बुटोला ने कहा कि सीमांत क्षेत्र में स्थित यह नर्सिंग कॉलेज प्रदेश के उत्कृष्ट संस्थानों में शामिल है।

उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल कोर्स कर रहे विद्यार्थियों को भविष्य में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए वे शासन–प्रशासन स्तर पर प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि पहाड़ी क्षेत्रों से शिक्षा प्राप्त करने वाले युवा अपने ही क्षेत्र में सेवाएं दें, जिससे पलायन की समस्या को कम किया जा सके।

श्री बुटोला ने सरकार से कॉलेज में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

उत्तराखंड विद्युत चार्ज पर अमर उजाला का शीर्षक है– प्रदेश में इस वर्ष नहीं बढ़ाई जाएंगी बिजली की दरें। हिन्दुस्तान उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के हवाले से लिखता है– होटल और उद्योगों को सस्ती बिजली।

प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अमर उजाला मुख्यमंत्री धामी के हवाले से लिखता है– पूरे उत्तराखंड में अपराधियों के खिलाफ चलेगा ऑपरेशन प्रहार।

ऋषिकेश फोरलेन बाईपास आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खी बनी हुई है। इस खबर पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– ऋषिकेश बाईपास को 1 हजार 105 करोड़ रुपये, तीनपानी से खारास्त्रोत पुल तक 12 दशमलव छह सात किलोमीटर लंबा होगा यह फोर लेन मार्ग

पश्चिम एशिया संघर्ष पर नवोदय टाइम्स लिखता है– ईरान के इस्फहान परमाणु केंद्र पर हमला, तेहरान ने दुबई तट के पास कुवैती तेल टैंकर को निशाना बनाया।